ऐसे शब्द जो वाक्य में आश्चर्य, दुख, खुशी, घृणा आदि भाव लाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, वे **विस्मयादिबोधक शब्द** कहलाते हैं। ऐसे शब्दों के साथ विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है; जैसे- अरे!, ओह!, शाबाश!, काश! आदि।

1. दिए गए विस्मयादिबोधक शब्दों को उनसे जुड़े भावों से मिलाइए।

खुशी	वाह!
	छिः!
	अरे!
दुख	हाय!
	अहा!
आश्चर्य	धिक्!
	ओह!
घृणा	क्या!

2. क. वाक्यों को पढ़कर उनमें सही विस्मयादिबोधक शब्द लिखिए।

अ. .... कितनी अच्छी किताब है। (वाह! / हाय!)

ब. .... कोई ऐसे खाना फेंकता है। (अहा! / धिक्!)

स. .... सारे फूल मुरझा गए। (छिः! / ओह!)

द. .... तुम कब आए? (अरे! / धिक्!)

ख. पाठ में आए विस्मयादिबोधक शब्द ढूँढ़कर लिखिए।

उपसर्ग

जो शब्दांश किसी शब्द से पहले जुड़कर नया शब्द बनाते हैं और इससे शब्द का अर्थ बदल जाता है, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।

जैसे- सम् (उपसर्ग) + मान (मूल शब्द) = सम्मान

वि + ज्ञान = विज्ञान, उप + वन = उपवन आदि।

3. क. 'प्र' जोड़कर शब्द बनाइए।

प्रसार = सार	←	प्र	→	काश = प्रकाश
प्रबल = बल	←		→	चार = प्रचार
प्रहार = हार	←		→	योग = प्रयोग
प्रलोभन = लोभन	←		→	गति = प्रगति

ख. बॉक्स में दिए गए उपसर्ग (आगे जुड़ने वाले शब्दांश) और मूल शब्द जोड़कर सही शब्द बनाइए।

उपसर्ग	शब्द		मूल शब्द
परि प्रति नि	परिमाण	अवगुण	मान गुण माण
अव अप अ	प्रतिक्रिया	अपमान	क्रिया डर तिथि
	निडर	अतिथि	

आओ जानें, कुछ रोचक बातें-

- संगीत में कई राग होते हैं, जिनमें मुख्य रूप से तान और ताल के अनुसार अनेक धुनें होती हैं। उन तान तालों के आधार पर कई राग बने। जैसे- राग भोपाली, राग बहार, राग भैरवी आदि।
- भारत में कई महान संगीतकार जन्मे, लेकिन सबसे प्राचीन संगीतकारों में से तानसेन का नाम प्रमुख रूप से लिया जाता है। तानसेन के बारे में ऐसा माना जाता है कि जब वे गाते थे, तब उसका प्रभाव आसपास सभी चीज़ों पर पड़ता था। जैसे- यदि वे 'दीपक राग' गाते थे तो दीपक स्वयं जल उठते थे, बादल राग गाते थे तो काले-काले बादल छा जाते थे और बारिश होने लगती थी।

आओ चर्चा करें-
(Let's discuss)

श्रवण और वाचन कौशल
(Listening and Speaking Skills)

STD - V

उपसर्ग

Wednesday
Date 27.10.21

जो वे शब्दांश जो किसी मूल शब्द के पूर्व में लगाकर नए शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। उदाहरण :

प्र - प्रकाशित, प्रकाश, प्रसिद्ध
सम - सम्मान, समाचार, संभावना
अव - अवगुण, अवतार, अवशोष
उप - उपदेश, उपग्रह, उपहार
अन - अनकही, अनपढ़, अनजान
नि - निबंध, निर्माण, निस
आ - आक्रमण, आवेदन, आगमन
ना - नाराज, नादान, नासमझ
वि - विनाश, विनाश, विरोध
अनु - अनुशासन, अनुराग, अनुभव